Series QP5RS/5

**SET-1**

प्रश्न-पत्र कोड **2/5/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (आधार)
# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***दो*** *खंड हैं –* ***खंड-'अ'*** *और* ***खंड-'ब'*** *।*

*(iii)* ***खंड-'अ'*** *में 40 बहुविकल्पी/वस्तुपरक उप-प्रश्न पूछे गए हैं, सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(iv)* ***खंड-'ब'*** *में 08 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – 'अ'

### (*बहुविकल्पी*/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **10 × 1 = 10**

तकनीक की हर नई छलांग उत्साह भी पैदा करती है और चिंता भी लाती है । 'डीपमाइंड' और 'ओपनएआई' जैसी कंपनियों द्वारा बनाए गए नए स्मार्ट चैटबॉट्स ने लोगों का मन मोह लिया है । इनमें इंसानों की तरह सवालों के जवाब देने की क्षमता है । ये बारीकियों की व्याख्या कर सकते हैं, साथ ही, तथ्यों को विश्वास के साथ साझा भी कर सकते हैं । ये चैटबॉट नए नहीं हैं । इंसानों के संवाद करने में सक्षम कंप्यूटर प्रोग्राम या चैटबॉट्स की अवधारणा का 1950 के दशक से ही एक इतिहास रहा है । शुरुआती चैटबॉट्स में से एक एलिजा है, जिसे 1960 के दशक में कंप्यूटर वैज्ञानिक जोसेफ वीजेनबाम ने प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी का परीक्षण करने के लिए बनाया था । यह कीवर्ड और वाक्यांशों का जवाब देकर सहज ढंग से संवाद कर सकता था । चैटजीपीटी को अभी तक का सबसे उन्नत चैटबॉट माना जा रहा है ।

चैटजीपीटी को ओपनएआई द्वारा विकसित किया गया है । यह भाषा का एक मॉडल है, जो इंसानों की तरह ही प्रतिक्रिया करता है । कुछ चैटबॉट ज्यादा जटिल संवाद करने में भी सक्षम होते हैं और समय के साथ अपनी प्रतिक्रियाओं को बेहतर बनाने के लिए मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करते हैं । अभी चैटजीपीटी सहित अधिकांश चैटबॉट्स अपने लिए सूचनाएँ एक विशाल, लेकिन एक सीमित दायरे से ही प्राप्त करते हैं । जैसे चैटजीपीटी का ताजा संस्करण 2021 के अंत

तक संचित हुई सूचनाओं तक सीमित है । चैटबॉट अपनी प्रतिक्रिया में कहीं अधिक मुखर हैं और किसी जिज्ञासा पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं जबकि ऐसा करना गूगल या बिंग के लिए मुश्किल है । हालाँकि, चैटजीपीटी की इंसानों जैसी प्रतिक्रिया में सूचना स्रोत का जिक्र नहीं होता और न ही कोई लिंक या उद्धरण दिया जाता है । इसके साथ आसान बातचीत ने दुनियाभर में धूम मचा दी है । उत्साही लोग तरह-तरह के सवाल पूछ रहे हैं । हर संवाद के साथ चैटबॉट का भी परीक्षण और प्रशिक्षण चल रहा है ।

फिर भी एक चैटबॉट सब कुछ नहीं जानता, जबकि इसका इजहार या इसकी अभिव्यक्ति या लेखन इंसानों की तरह ही है । इसकी जानकारी गलत और दोषपूर्ण भी हो सकती है । इनको अभी भी कई बाधाओं या हदों को पार करना है, सूचनाओं को बढ़ाना है । कई भाषाओं के विकल्पों के साथ डिजिटल संचार पाठ से आवाज की ओर बढ़ रहा है । हर शब्द स्वरबद्ध होता जा रहा है । एलेक्सा जैसे सर्च इंजन और आवाज आधारित अन्य सहायकों से आगे जाने के लिए चैटबॉट्स को ज्यादा सूचनाओं की जरूरत पड़ेगी । लोगों की जिज्ञासाओं को शब्दों से ही नहीं स-स्वर शांत करना होगा ।

स्पैरो चैटबॉट जीपीटी की तुलना में कुछ बेहतर है । जल्द ही गलत सवालों को पहचानने वाले चैटबॉट भी आ जाएँगे । अगर समझदारी से इस्तेमाल हुआ, तो चैटबॉट हमारे बहुत काम आएँगे ।

(i) चैटबॉट्स से अभिप्राय है –
- (A) स्कूल में बच्चों को पढ़ाने वाली रोबोटिक मशीन
- (B) अंतरिक्ष में छिपे रहस्यों का पता लगाने वाली मशीन
- (C) ऐसी रोबोटिक मशीन जिससे मनुष्य बात कर सके
- (D) ऐसी रोबोटिक मशीन जो मनुष्य का काम कर सके

(ii) चैटबॉट्स द्वारा लोगों का मन मोहने का कारण इनमें से नहीं है :
- (A) इंसानों से संवाद करना ।
- (B) विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी प्रदान करना ।
- (C) तथ्यों को विश्वसनीय ढंग से प्रस्तुत करना ।
- (D) सूचना के स्रोतों की जानकारी प्रदान करना ।

(iii) गूगल या बिंग की तुलना में चैटबॉट्स के अधिक प्रभावशाली होने का कारण है –
- (A) उपयोगकर्ता के साथ सहज ढंग से संवाद करना ।
- (B) प्रतिक्रिया में मुखर होना और जिज्ञासा पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करना ।
- (C) छात्रों द्वारा अपना होमवर्क करने या निबंध लिखने में इसका प्रयोग करना ।
- (D) अपनी बात के समर्थन में सूचना स्रोत का उल्लेख करना ।

(iv) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(I) चैटबॉट्स जटिल संवाद करने में सक्षम हैं ।

(II) चैटबॉट्स का विकास मानव जीवन के एकाकीपन को दूर करने में सक्षम है ।

(III) चैटबॉट्स मानव द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब अपने विवेक के आधार पर देता है ।

(IV) भविष्य में चैटबॉट्स सही गलत को पहचानने में सक्षम होंगे ।

गद्यांश के अनुसार कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल कथन (I) सही है । (B) केवल कथन (III) सही है ।

(C) कथन (I) और (IV) सही हैं । (D) कथन (II) और (III) सही हैं ।

(v) 'एक चैटबॉट सब कुछ नहीं जानता' – लेखक के इस कथन का कारण है –

(A) चैटबॉट द्वारा कभी-कभी गलत और दोषपूर्ण जानकारी देना ।

(B) चैटबॉट में संचित सूचनाओं का सीमित दायरे में होना ।

(C) चैटबॉट का हर संवाद के साथ परीक्षण और प्रशिक्षण चलना ।

(D) इंसानों जैसी प्रतिक्रिया में लिंक या उदाहरण न दे पाना ।

(vi) सबसे प्राचीन चैटबॉट का नाम है –

(A) एलेक्सा (B) एलिजा

(C) स्पैरो (D) चैटजीपीटी

(vii) चैटबॉट्स की सबसे बड़ी कमी है –

(A) गलत सवालों को पहचानने की क्षमता का न होना ।

(B) सूचनाओं का सीमित भंडार में होना ।

(C) स्रोतों का हवाला देने की क्षमता का न होना ।

(D) जानकारी के दोषपूर्ण होने की संभावना का होना ।

(viii) एलिजा चैटबॉट की रचना की गई थी –

(A) प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण हेतु

(B) मनुष्यों से संवाद करने हेतु

(C) मानवीय कार्यों में मदद करने हेतु

(D) सूचनाओं के भंडार-संकलन हेतु

(ix) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन :** तकनीकी प्रगति उत्साह के साथ-साथ चिंता का कारण भी है ।

**कारण :** यह जीवन को सरल बनाने के साथ जटिल बना रही है ।

(A) कथन सही है, कारण गलत है ।

(B) कथन सही नहीं है, कारण सही है ।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

(x) 'डिजिटल दुनिया पाठ से आवाज की ओर बढ़ रही है' – पंक्ति से अभिप्राय है –

(A) लिखित शब्दों का महत्त्व कम हो रहा है ।

(B) इस दुनिया में स्वरबद्ध शब्दों का महत्त्व बढ़ रहा है ।

(C) यह दुनिया केवल स-स्वर शब्दों से जुड़ रही है ।

(D) यह दुनिया लिखित छोड़ केवल मौखिक की ओर बढ़ रही है ।

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

शब्द तो आए बहुत बाद में
संख्याएँ हमारे साथ जन्म से ही हैं
गर्भ में जब
निर्माण हो रहा था हमारी हड्डियों का
रक्तकणों और कोशिकाओं का
साथ-साथ संख्याएँ भी निर्मित होती जा रही थीं

एक हमारी देह की इकाई की वो संख्या है
जिसमें समाहित हैं सारी संख्याएँ
दो आँखों में स्थित है दो
तीन है उँगलियों के तीन जड़ों में,
हृदय के हिस्से हैं चार
और पाँच का निवास
पाँच उँगलियों में है
आगे की सारी संख्याओं को
देह में तलाशना बहुत मज़ेदार खेल है

नौ को तो अमर कर गए कबीर
कि नौ द्वारे का पिंजरा ता में पंछी पौन......
मुझे तो बहुत चकित करती है यह बात
कि देह की संख्याएँ आठ की संख्या निर्धारित करती है
क्योंकि आठ तरह से ही मुड़ती है यह देह
इसीलिए तो कृष्ण कहलाते हैं अष्टावक्र
सात रंग दिखते हैं आँखों को
और जीभ छह तरह के स्वादों को पहचानती है
इसीलिए तो भोजन को कहा गया षट्रस

देखिए एक से बना कैसा प्यारा शब्द
एका
एक जो दूसरे के बिना रह नहीं सकता
जिसके बिना संभव नहीं थी
इस दुनिया की शुरुआत
मैंने तो शुरू में ही कही थी यह बात
कि संख्याएँ शब्दों की पूर्वज हैं
शब्द तो आए बहुत बाद में
और आते ही चले जा रहे हैं
जबकि संख्याएँ सबकी सब आ चुकी हैं

क्या कोई नई संख्या बता सकते हैं आप ।

(i) पद्यांश के आधार पर संख्याओं की क्या विशेषता है ?
   (A) हमारी देह का निर्माण संख्या के आधार पर हुआ है ।
   (B) संख्याओं का जन्म हमारे साथ ही हुआ है ।
   (C) संख्याओं का जन्म मनुष्य से पूर्व हुआ है ।
   (D) पूरे विश्व में संख्याएँ एक समान लिखी जाती हैं ।

(ii) 'एक हमारी देह की इकाई की वो संख्या है
जिसमें समाहित हैं सारी संख्याएँ' – का अर्थ है :
   (A) एक ही परम पिता में संपूर्ण ब्रह्मांड समाहित है ।
   (B) शरीर संख्याओं के योग से बना है ।
   (C) सारे अंगों का पोषण शरीर से होता है ।
   (D) हमारे शरीर में सारी संख्याएँ समाई हुई हैं ।

(iii) कवि को कौन-सी बात आश्चर्यचकित करती है ?

(A) श्रीकृष्ण को अष्टावक्र क्यों कहते हैं ?

(B) देह आठ तरह से क्यों मुड़ती है ?

(C) देह की संख्याएँ आठ की संख्या कैसे निर्धारित करती है ?

(D) संख्या और देह का परस्पर क्या संबंध है ?

(iv) 'नौ द्वारे का पिंजरा ता में पंछी पौन' – पंक्ति के संदर्भ में 'पिंजरा' शब्द से आशय है –

(A) जीवन (B) संसार

(C) आत्मा (D) शरीर

(v) संख्याओं को शब्दों का पूर्वज क्यों कहा गया है ?

(A) मनुष्य के साथ जन्म होने के कारण

(B) शब्दों को जन्म देने के कारण

(C) संख्याओं का जन्म शब्दों से पहले होने के कारण

(D) सभी संख्याओं का जन्म हो चुकने के कारण

**(अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित प्रश्न)**

3. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

(i) प्रो. गुप्ता की लेखन में विशेष रुचि है, कॉलेज की पत्रिका के लिए वह लेख लिखते हैं । अब वह समाचार-पत्रों में अपना हाथ माँजना चाहते हैं । उन्हें किस शीर्षक के अंतर्गत अपने लेख भेजने चाहिए ?

(A) संपादक के नाम पत्र (B) संपादकीय

(C) स्तंभ लेखन (D) प्रतिवेदन

(ii) जनसंचार के अन्य माध्यमों की तुलना में इंटरनेट पत्रकारिता के तेजी से लोकप्रिय होने के कारण हैं –

(A) पढ़ने, सुनने और देखने की सुविधा का मिलना ।

(B) खबरों का तीव्र गति से पहुँचना ।

(C) सूचनाओं के विशाल भंडार का होना ।

(D) खबरों के संप्रेषण और पुष्टि के लिए बैकग्रांउड तैयार कराने में सहायक होना ।

(iii) पाठकों, दर्शकों और श्रोताओं तक सूचनाएँ पहुँचाने के लिए पत्रकारों द्वारा अपनाए जाने वाले विभिन्न रूप कहलाते हैं –

(A) समाचार लेखन (B) विचारपरक लेखन

(C) साहित्यिक लेखन (D) पत्रकारीय लेखन

(iv) साक्षात्कार को किस रूप में लिखा जा सकता है ?

(A) सवाल जवाब के रूप में

(B) आलेख के रूप में

(C) (A) और (B) दोनों रूप में

(D) (A) और (B) दोनों रूपों में से कोई नहीं

(v) पत्रकारीय लेखन का सबसे जाना–माना रूप क्या होता है ?

(A) फीचर (B) समाचार

(C) स्तंभ (D) आलेख

**(पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **$5 \times 1 = 5$**

हरषि राम भेटेउ हनुमाना । अति कृतग्य प्रभु परम सुजाना ।।
तुरत बैद तब कीन्हि उपाई । उठि बैठे लछिमन हरषाई ।।
हृदयँ लाइ प्रभु भेंटेउ भ्राता । हरषे सकल भालु कपि ब्राता ।।
कपि पुनि बैद तहाँ पहुँचावा । जेहि बिधि तबहिं ताहि लइ आवा ।।
यह बृत्तांत दसानन सुनेऊ । अति बिषाद पुनि पुनि सिर धुनेऊ ।।
ब्याकुल कुंभकरन पहिं आवा । बिबिध जतन करि ताहि जगावा ।।

(i) राम ने हनुमान के प्रति कृतज्ञता क्यों प्रकट की ?

(A) सीता का पता लगाने के कारण

(B) समय पर संजीवनी बूटी लाने के कारण

(C) अपने स्वभाव की विनम्रता के कारण

(D) वैद्य को लंका से लाने के कारण

(ii) भालू और कपि समूह की प्रसन्नता का कारण था –

(A) राम का हनुमान को गले लगाना ।

(B) हनुमान का सुषैन वैद्‌य को लाना ।

(C) हनुमान का संजीवनी बूटी लाना ।

(D) लक्ष्मण का स्वस्थ होना ।

(iii) रावण द्‌वारा कौन–सा वृत्तांत सुना गया ?

(A) लक्ष्मण के मूर्च्छित होने का

(B) राम के समुद्र पार आने का

(C) हनुमान द्‌वारा वैद्‌य ले जाने का

(D) लक्ष्मण की मूर्च्छा भंग होने का

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन :** दुखी रावण बार–बार सिर धुन कर पछता रहा था ।

**कारण :** विजय की आशाओं पर पानी फिरता दिख रहा था ।

(A) कथन सही है, कारण गलत है ।

(B) कथन सही नहीं है, कारण सही है ।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

(v) व्याकुल रावण कुंभकरण के पास क्यों गया होगा ?

(A) अपना दुख बाँटने

(B) युद्‌ध में सहायता पाने

(C) युद्‌ध में हुई हानि का वर्णन करने

(D) राम की सेना द्‌वारा किए जाने वाले विनाश का वर्णन करने

5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

पिता का उस पर अगाध प्रेम होने के कारण स्वभावतः ईर्ष्यालु और संपत्ति की रक्षा में सतर्क विमाता ने मरणांतक रोग का समाचार तब भेजा, जब वह मृत्यु की सूचना भी बन चुका था । रोने-पीटने के अपशकुन से बचने के लिए सास ने भी उसे कुछ न बताया । बहुत दिन से नैहर नहीं गई, सो जाकर देख आवे, यही कहकर और पहना-उढ़ाकर सास ने उसे विदा कर दिया । इस अप्रत्याशित अनुग्रह ने उसके पैरों में जो पंख लगा दिए थे, वे गाँव की सीमा में पहुँचते ही झड़ गए । 'हाय लछमिन अब आई' की अस्पष्ट पुनरावृत्तियाँ और स्पष्ट सहानुभूतिपूर्ण दृष्टियाँ उसे घर तक ठेल ले गईं । पर वहाँ न पिता का चिह्न शेष था, न विमाता के व्यवहार में शिष्टाचार का लेश था । दुख से शिथिल और अपमान से जलती हुई वह उस घर में पानी भी बिना पिए उलटे पैरों ससुराल लौट पड़ी । सास को खरी खोटी सुनाकर उसने विमाता पर आया हुआ क्रोध शांत किया और पति के ऊपर गहने फेंक-फेंककर उसने पिता के चिर बिछोह की मर्मव्यथा व्यक्त की ।

(i) विमाता द्वारा भक्तिन के पास उसके पिता की मृत्यु का समाचार देर से पहुँचाने का कारण क्या नहीं है ?

(A) पिता का उस पर अगाध प्रेम होना ।

(B) संपत्ति उसके नाम किए जाने का भय होना ।

(C) उसके रोने-पीटने से अपशकुन होना ।

(D) मन ही मन भक्तिन से ईर्ष्या होना ।

(ii) 'पैरों के पंख गाँव की सीमा में पहुँचते ही झड़ गए ।' – पंक्ति का आशय है –

(A) खुशी का समाप्त हो जाना (B) थकावट का अनुभव हो जाना

(C) असलियत का पता लगना (D) पैरों की गति शिथिल होना

(iii) 'हाय लछमिन अब आई' – गाँववालों द्वारा कहे गए ये शब्द प्रकट करते हैं –

(A) उसके प्रति सहानुभूति (B) उसके प्रति ममता

(C) उसके प्रति दुख (D) उसके प्रति उपहास

(iv) गद्यांश में प्रयुक्त 'अप्रत्याशित अनुग्रह' क्या था ?

(A) सास द्वारा भक्तिन का साज-शृंगार कर पिता के घर विदा करना ।

(B) सास द्वारा भक्तिन को नैहर जाने के लिए कहना ।

(C) विमाता द्वारा भक्तिन के लिए बुलावा भेजना ।

(D) सास का भक्तिन के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना ।

(v) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार सही कथन को चयनित कर लिखिए :

(A) दुखी अपमानित भक्तिन उलटे पैरों ससुराल लौट आई ।

(B) उसका सत्कार करने वाला पूरे गाँव में कोई नहीं था ।

(C) विमाता पर आया क्रोध उसने पति पर गहने फेंककर शांत किया ।

(D) सास को भला-बुरा कहकर उसने पिता की मृत्यु का दुख शांत किया ।

**(पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

6. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :

**$10 \times 1 = 10$**

(i) किशनदा की तरह घर-गृहस्थी का बबाल न पालकर जीवन समाज के नाम समर्पित करने की भावना यशोधर बाबू के मन में क्यों आती थी ?

(A) पत्नी-बच्चों से मतभेद होने के कारण

(B) घर-गृहस्थी के जंजाल से थकने के कारण

(C) जीवन का मर्म समझ में आने के कारण

(D) परिवार से मोह भंग हो जाने के कारण

(ii) यशोधर बाबू ने डी.डी.ए. के फ़्लैट के लिए पैसा क्यों जमा नहीं किया था ?

(A) वह रिटायरमेंट के बाद गाँव में बसना चाहते थे ।

(B) उन्हें तीनों में किसी एक लड़के का सरकारी नौकरी में आने का विश्वास था ।

(C) उनके पास फ़्लैट बुक कराने के लिए पैसे नहीं थे ।

(D) वे योजनाबद्ध तरीके से काम नहीं करते थे ।

(iii) किशनदा कभी-कभी इस अनुरोध की रक्षा कर देते । – इस वाक्य में किस 'अनुरोध की रक्षा' की बात हो रही है ?

(A) यशोधर बाबू को सुबह जल्दी उठाने की

(B) यशोधर बाबू को सुबह देर से उठाने की

(C) यशोधर बाबू के घर चाय-पीने की

(D) यशोधर बाबू के साथ सैर पर जाने की

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प को चुनकर लिखिए :

**कथन :** यदि ईख को और कुछ दिन खेत में खड़ी रहने दिया जाए तो गुड़ जरा ज्यादा निकलता है ।

**कारण :** देर तक खेत में खड़ी रहने वाली ईख में पानी की मात्रा कम होती है और रस गाढ़ा हो जाता है ।

(A) कथन सही है, कारण गलत है ।

(B) कथन सही नहीं है, कारण सही है ।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

(v) 'अब तू बता, मैं का करूँ ?' – कथन से आनंदा के माँ के चरित्र की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है ?

(A) दुर्बलता (B) परवशता

(C) अक्षमता (D) विवशता

(vi) कक्षा की बेंच पर बैठे आनंदा की तुलना किससे की गई है ?

(A) खेती के काम से सुस्ताते पेड़ के नीचे बैठे लड़के से

(B) लड़कों की मार से घायल कौए के बच्चे से

(C) बस अड्डे पर पोटली सँभाले बस की प्रतीक्षा करते लड़के से

(D) रेलवे स्टेशन पर गाड़ी की प्रतीक्षा करने वाले लड़के से

(vii) 'मेरी ही पाठशाला मुझे चोंच मार-मार कर घायल कर रही थी ।' – इस पंक्ति का आशय है –

(A) पाठशाला में आनंदा की खिल्ली उड़ाई जा रही थी ।

(B) पाठशाला में उसकी पिटाई की जा रही थी ।

(C) पाठशाला में उसे कटु वचन कहे जा रहे थे ।

(D) पाठशाला में उसे दण्डित किया जा रहा था ।

(viii) 'महाकुंड' के विषय में निम्नलिखित में कौन-सा कथन <u>असत्य</u> है ?

(A) कुंड के पानी के बंदोबस्त के लिए एक तरफ कुआँ है ।

(B) महाकुंड के चारों तरफ साधुओं के कक्ष बने हुए हैं ।

(C) कुंड से पानी की निकासी के लिए पक्की ईंटों से बनी नालियाँ हैं ।

(D) कुंड से पानी के रिसाव को रोकने के लिए तल और दीवारों पर चिनाई की गई है ।

(ix) निम्नलिखित युग्मों में से कौन–सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) बौद्ध स्तूप – पुराना लैंडस्केप

(B) गढ़ – महंतों की समाधियाँ

(C) महाकुंड – सामूहिक स्नान का अंग

(D) ग्रिडशैली – आड़ी–सीधी सड़कें

(x) मुअनजो–दड़ो के मिले अवशेषों में अपने मूल स्वरूप के नजदीक बचे निर्माण के रूप में है –

(A) महाकुंड (B) गढ़

(C) बौद्ध स्तूप (D) उपासना केंद्र

## खंड – 'ब'

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

## (जनसंचार और सृजनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न)

7. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **120** शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : **6**

(क) ओ.टी.टी. पर्दा : मनोरंजन की नई परिभाषा

(ख) बढ़ती जनसंख्या : घटते संसाधन

(ग) घर के कबाड़घर में रखा पुराना टी.वी.

8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग **40** शब्दों में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : **2 × 2 = 4**

(i) (क) कहानीकार द्वारा कहानी में वर्णित मानसिक द्वंद्व को नाटक में किस प्रकार रूपांतरित किया जा सकता है ?

**अथवा**

(ख) "लक्ष्मण–मूर्च्छा और राम का विलाप" प्रसंग के आधार पर रावण और कुंभकरण के बीच हुए संवाद के दृश्य को लगभग **40** शब्दों में लिखिए ।

(ii) (क) नए विषयों पर लेखन एक चुनौतीपूर्ण कार्य क्यों लगता है ?

**अथवा**

(ख) सिनेमा या रंगमंच (दृश्य माध्यम) और रेडियो नाटक में क्या अंतर है ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) तकनीकी विकास के बावजूद हिन्दी की वेब पत्रकारिता अपने शैशवकाल में ही क्यों है ? इसके विकास के लिए क्या आवश्यक है ?

(ख) मुद्रित माध्यमों की तुलना में भाषा-शैली के स्तर पर रेडियो और टी.वी. पर प्रस्तुत किए जाने वाले समाचारों में विशेष सावधानी क्यों बरतनी चाहिए ?

(ग) समाचार-पत्रों में अगर आर्थिक जगत से जुड़ी खबरें न हों तो वह संपूर्ण नहीं माना जाएगा, क्यों ?

**(पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'बात सीधी थी पर' शीर्षक कविता से ली गई पंक्ति 'भाषा के चक्कर में ज़रा टेढ़ी फँस गई' – का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में निहित व्यंग्यार्थ को स्पष्ट करके लिखिए ।

(ग) 'छोटा मेरा खेत' कविता के आधार पर लिखिए कि काव्य-रचना की प्रक्रिया किन चरणों से होकर एक कृति के रूप में पूर्ण होती है ।

11. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए : **2 × 2 = 4**

(क) 'बगुलों के पंख' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि 'चुराए लिए जाती वे मेरी आँखें' से कवि क्या कहना चाहता है ।

(ख) 'बादल राग' कविता में पूँजीपतियों की अट्टालिकाओं को 'आतंक भवन' क्यों कहा गया है ?

(ग) 'जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास' – पतंग कविता से उद्धृत इस पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि कपास से बच्चों का क्या संबंध बनता है ?

12. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर लिखिए कि इन्दरसेना को लेखक 'मेढक-मंडली' क्यों कहता था ? जीजी के बार-बार कहने पर भी वह इन्दरसेना पर पानी फेंकने को राजी क्यों नहीं होता ?

(ख) 'मैं जिंदगी में कभी चित नहीं हुआ' – पंक्ति में आए 'चित' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए, 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर लिखिए कि लुट्टन ने इसका प्रयोग किस संदर्भ में किया है ?

(ग) 'शिरीष के फूल' पाठ में बताया गया है कि कबीरदास को पंद्रह-बीस दिन का लहक उठना पसंद नहीं था । 'लहक उठना' का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि क्या आप भी इसमें विश्वास रखते हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

13. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए : **2 × 2 = 4**

(क) 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि आधुनिक समाज में कार्य कुशलता के लिए क्या आवश्यक है ? इसका आधार क्या होना चाहिए ?

(ख) 'मेरी कल्पना का आदर्श समाज' शीर्षक के आधार पर लिखिए कि आंबेडकर के अनुसार आदर्श समाज की स्थापना के लिए क्या किया जाना चाहिए ?

(ग) 'बाजार दर्शन' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि बाजार जाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

**(पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

14. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए : **2 × 2 = 4**

(क) यशोधर बाबू का बार-बार किशनदा को याद करना उनका सामर्थ्य कहा जाएगा या उनकी कमजोरी ? 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के संदर्भ में तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ख) 'जूझ' कहानी के आधार पर दत्ताजी राव की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं को लिखिए ।

(ग) मुअनजो-दड़ो की गृह-निर्माण योजना पर संक्षेप में प्रकाश डालिए ।

अत्यंत गोपनीय - केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

**सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, फरवरी-2024**

**अंक-योजना - विषय : हिंदी (आधार)**

**विषय कोड संख्या : 302, प्रश्न पत्र कोड : 2/5/1, 2/5/2, 2/5/3**

**सामान्य निर्देश :-**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी त्रुटि भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें।
2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक होना परीक्षा प्रणाली के लिए उपयुक्त नहीं है, जो लाखों परीक्षार्थियों के भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति दस्तावेज़ को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है|
3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह से निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।**
4. अंक योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझाए गए मूल्य बिंदु शामिल हैं, ये केवल दिशा निर्देशों की प्रकृति में हैं और संपूर्ण उत्तर का गठन नहीं करते हैं। परीक्षार्थी अपनी अभिव्यक्ति कर सकते हैं और यदि अभिव्यक्ति सही है तो उचित अंक दिए जाएँ।
5. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हों कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।
6. परीक्षक सही उत्तर पर सही का चिह्न (√) लगाएंगे और गलत उत्तर पर गलत का (×) चिह्न लगाएँगे। परीक्षक द्वारा मूल्यांकन करते समय सही का चिह्न (√) न लगने पर यह आभास होगा कि उत्तर सही है और कोई अंक नहीं दिया गया है। परीक्षकों द्वारा यह त्रुटि सर्वाधिक की जाती है।
7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायीं ओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**
8. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हों तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता का पालन किया जाए।
9. यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न का उत्तर दे दिया है, तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उसे ही स्वीकार करें। दूसरे उत्तर को "अतिरिक्त प्रश्न" टिप्पणी के साथ काट दिया जाना चाहिए।
10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उस पर एक से अधिक बार अंक न काटे जाएँ।
11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।
12. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन 20 उत्तर-पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं।

13. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें, जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं ।

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि होना।
- योग का अंकों और शब्दों में मेल न होना।
- उत्तर पुस्तिका से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि होना ।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना, किंतु अंक न देना (सुनिश्चित करें कि (√) या **(×)** का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो।)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो, किंतु अंक न दिए गए हों।

14. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।
15. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन समिति के सभी लोगों की छवि और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।
16. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।
17. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है। आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में सही लिखा गया है।
18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देता है । सभी परीक्षकों/अतिरिक्त प्रधान परीक्षकों/प्रधान परीक्षकों को एक बार पुनः याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य बिंदुओं के अनुसार सख्ती से किया जाए।

**सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा फरवरी -2024**

**अंक योजना : हिन्दी आधार प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या 2/5/1, 2/5/2, 2/5/3**

**कक्षा : XII**

अधिकतम अंक : 80

सामान्य निर्देश

- अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।
- वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक योजना में दिए गए उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।
- यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उन्हें अंक दिए जाएँ।
- मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।

खंड-अ

40 अंक

(बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर)

| **प्रश्न सं** | **प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या** | | | **उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु** | **निर्धारित अंक विभाजन** |
|---|---|---|---|---|---|
| | **2/5/1** | **2/5/2** | **2/5/3** | | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | अपठित बोध - गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | **10x1=10** |
| | **(i)** | **(i)** | **(i)** | (C) ऐसी रोबोटिक मशीन जिससे मनुष्य बात कर सके | **1** |
| | **(ii)** | **(ii)** | **(ii)** | (D) सूचना के स्रोतों की जानकारी प्रदान करना। | **1** |
| | **(iii)** | **(iii)** | **(iii)** | (B) प्रतिक्रिया में मुखर होना और जिज्ञासा पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करना। | **1** |
| | **(iv)** | **(iv)** | **(iv)** | (C) कथन (I) और (IV) सही हैं । | **1** |
| | **(v)** | **(v)** | **(v)** | (A) चैटबॉट द्वारा कभी-कभी गलत और दोषपूर्ण जानकारी देना। | **1** |
| | **(vi)** | **(vi)** | **(vi)** | (B) एलिजा | **1** |
| | **(vii)** | **(vii)** | **(vii)** | (A) गलत सवालों को पहचानने की क्षमता का न होना। | **1** |
| | **(viii)** | **(viii)** | **(viii)** | (A) प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण हेतु | **1** |
| | **(ix)** | **(ix)** | **(ix)** | (D कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है । | **1** |
| | **(x)** | **(x)** | **(x)** | (B) इस दुनिया में स्वरबद्ध शब्दों का महत्त्व बढ़ रहा है । | **1** |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| 2 | 2 | 1 | 2 | अपठित बोध - पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | 5x1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | (B) संख्याओं का जन्म हमारे साथ ही हुआ है। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) हमारे शरीर में सारी संख्याएँ समाई हुई हैं। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) देह की संख्याएँ आठ की संख्या कैसे निर्धारित करती है? | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (D) शरीर | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (C) संख्याओं का जन्म शब्दों से पहले होने के कारण | 1 |
| 3 | 3 | 6 | 4 | अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | 5X1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | (A) संपादक के नाम पत्र | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) खबरों के संप्रेषण और पुष्टि के लिए बैकग्राउंड तैयार कराने में सहायक होना। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) पत्रकारीय लेखन | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (C) (A) और (B) दोनों रूप में | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (B) समाचार | 1 |
| | | | | पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | |
| 4 | 4 | 4 | 5 | काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | 5X1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | (B) समय पर संजीवनी बूटी लाने के कारण | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) लक्ष्मण का स्वस्थ होना। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) लक्ष्मण की मूर्च्छा भंग होने का | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है । | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (B) युद्ध में सहायता पाने | 1 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | **2/5/1** | **2/5/2** | **2/5/3** | | |
| 5 | **5** | **3** | 6 | गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | **5X1=5** |
| | **(i)** | **(i)** | **(i)** | (C) उसके रोने-पीटने से अपशकुन होना। | **1** |
| | **(ii)** | **(ii)** | **(ii)** | (A) खुशी का समाप्त हो जाना | **1** |
| | **(iii)** | **(iii)** | **(iii)** | (A) उसके प्रति सहानुभूति | **1** |
| | **(iv)** | **(iv)** | **(iv)** | (A) सास द्वारा भक्तिन का साज-श्रृंगार कर पिता के घर विदा करना। | **1** |
| | **(v)** | **(v)** | **(v)** | (A) दुखी अपमानित भक्तिन उल्टे पैरों ससुराल लौट आई । | **1** |
| 6 | **6** | **5** | **3** | पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | **10X1=10** |
| | **(i)** | **(i)** | **(i)** | (A) पत्नी-बच्चों से मतभेद होने के कारण | **1** |
| | **(ii)** | **(ii)** | **(ii)** | (A) वह रिटायरमेंट के बाद गाँव में बसना चाहते थे ।<br>(B) उन्हें तीनों में से किसी एक लड़के का सरकारी नौकरी में आने का विश्वास था ।<br>(दोनों उत्तर स्वीकार्य) | **1** |
| | **(iii)** | **(iii)** | **(iii)** | (C) यशोधर बाबू के घर चाय पीने की | **1** |
| | **(iv)** | **(iv)** | **(iv)** | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | **1** |
| | **(v)** | **(v)** | **(v)** | (D) विवशता | **1** |
| | **(vi)** | **(vi)** | **(vi)** | (C) बस अड्डे पर पोटली सँभाले बस की प्रतीक्षा करते लड़के से | **1** |
| | **(vii)** | **(vii)** | **(vii)** | (A) पाठशाला में आनंदा की खिल्ली उड़ाई जा रही थी । | **1** |
| | **(viii)** | **(viii)** | **(viii)** | (B) महाकुंड के चारों तरफ साधुओं के कक्ष बने हुए हैं । | **1** |
| | **(ix)** | **(ix)** | **(ix)** | (B) गढ़ - महंतों की समाधियाँ | **1** |
| | **(x)** | **(x)** | **(x)** | (A) महाकुंड | **1** |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | | | | खंड - ब<br>(वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर)<br>जनसंचार और सृजनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | 40 अंक |
| 7 | 7 | 12 | 12 | किसी एक विषय पर रचनात्मक लेख<br>• आरंभ - 1<br>• विषयवस्तु - 3<br>• प्रस्तुति - 1<br>• भाषा - 1 | 6 |
| 8 | 8 | 14 | 13 | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2X2=4 |
| | (i)(क) | (i)(क) | (i)(क) | • स्वगत कथन का प्रयोग-लेखक द्वारा मंच के कोने में जाकर अपने संवाद बोलना।<br>• वायस ओवर का प्रयोग (दर्शक को सुनाई देना पर पात्र का न बोलता)<br>• फ़्लैशबैक शैली का उपयोग<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | अथवा<br>(i)(ख) | अथवा<br>(i)(ख) | अथवा<br>(i)(ख) | • छात्रों की कल्पना शाक्ति व रचनात्मक कौशल के आधार पर रावण - कुम्भकरण के मध्य संवाद स्वीकार्य | 2 |
| | (ii)(क) | (ii)(क) | (ii)(क) | • लेखन का अभ्यास कम होना<br>• रटंत पर निर्भर रहना<br>• मौलिकता का अभाव होना<br>• विषय से संबंधित सामग्री की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता एवं उस पर निर्भरता<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (ii)(ख) | (ii)(ख) | (ii)(ख) | सिनेमा / रंगमंच -<br>• दृश्य एवं श्रव्य माध्यम<br>• नाटक की भाषा क्रियात्मक, दृश्यात्मक होना<br>• मंच सज्जा, वेश भूषा का महत्त्व<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>रेडियो -<br>• श्रव्य माध्यम<br>• ध्वनियों का विशेष महत्त्व<br>• सबकुछ संवादों व ध्वनि प्रभावों के माध्यम से ही संप्रेषित होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| 9 | 9 | 13 | 14 | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2X3=6 |
| | (i)(क) | (i)(क) | (i)(क) | कारण -<br>▯ फौन्ट की समस्या<br>▯ एक की-बोर्ड का न होना<br>▯ डायनामिक फौंट की अनुपलब्धता<br>▯ माइक्रोसॉफ्ट, वेबदुनिया के बनाए यूनिकोड फौन्ट का लोकप्रिय न होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>आवश्यकता -<br>▯ बेलगाम फौंट संसार पर नियंत्रण लगाना<br>▯ की बोर्ड का मानकीकरण करना | 1½+1½=3 |
| | (ii)(ख) | (ii)(ख) | (ii)(ख) | मुद्रित माध्यम -<br>▯ मुदित माध्यम में छपे हुए समाचार का पढ़ा जाना<br>▯ समय-सीमा का ध्यान<br>▯ प्रचलित संक्षिप्ताक्षरों का प्रयोग<br>▯ व्याकरण वर्तनी, भाषा व शैली पर ध्यान<br>▯ प्रचलित भाषा का प्रयोग<br>▯ रेडियो, टी.वी समाचार का दिन भर चलना<br>▯ डेडलाइन समाचारों का आपस में गुथा होना<br>▯ रेडियो / टी वी समाचार वाचक हेतु टाइप कॉपी का साफ-सुथरी ट्रिपल स्पेस में होना<br>▯ गैर जरूरी विशेषणों, तत्सम शब्दावली वाले शब्दों से बचना<br>▯ सरल, स्पष्ट, आम बोलचाल की भाषा<br>▯ श्रोता के पास मुड़कर वापस आने की सुविधा न होना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | (ii)(ग) | (ii)(ग) | (ii)(ग) | ▯ धन (अर्थ) जीवन का मूल आधार<br>▯ रोजमर्रा से लेकर विशेष काम तक आर्थिक, लाभ-हानि, नफा-नुकसान की बात<br>▯ पाठकों की रुचि<br>▯ कारोबार, व्यापार जगत व्यापक<br>▯ बजट में रुचि<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| 10 | 10 | 7 | 7 | पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर<br>(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित) | 2X3=6 |
| | (क) | - | - | ▯ बात और भाषा का सीधा संपर्क | 3 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | | | | • उपयुक्त शब्दों का प्रयोग करना<br>• जटिल आडंबरपूर्ण शब्द प्रभावहीन<br>• भाषा की जटिलता, बनावटीपन पर व्यंग्य<br>• व्यर्थ के पर्यायवाची या समानर्थी शब्दों का भाव का (अर्थ) खो देना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | |
| | (ख) | - | - | • कार्यक्रम में करुणा का खोखला प्रदर्शन करना<br>• मीडिया कर्मी का कार्यक्रम के प्रचार व धन के लिए करुणाहीन होना<br>• समाज सेवा की अपेक्षा कार्यव्यापार की चिंता के कारण करुणा, संवेदना को व्यवसाय की वस्तु बनाना<br>• मीडिया कर्मी का स्वयं को समर्थ शक्तिवान मानना व सामने वाले को दुर्बल समझने का दंभ भरना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | (ग) | - | - | • काव्य-कृति की रचना का बीज बोने से लेकर फसल के कटने तक कई चरणों से गुजरना<br>• कागज के पन्ने रूपी खेत में भावनाओं रूपी आँधी के प्रभाव से क्षण बोना कल्पना रूपी रसायन से बीज का विगलित होना<br>• शब्द रूपी अंकुर फूटना<br>• धीरे धीरे पल्लवीत पुष्पित होते हुए कवि कर्म की कालजयी फसल तैयार होना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | - | (क) | - | • बात का निरर्थक और उद्देश्य हीन हो जाना<br>• बात बनने की अपेक्षा बिगड़ जाना<br>• कथ्य का जटिल हो जाना<br>• जबरदस्ती करने पर भाषा की अभिव्यक्ति की धार का कम हो जाना<br>• भाषा की जीवंतता नष्ट हो जाना<br>(कोई तीन बिन्दु अपेक्षित) | 3 |
| | - | (ख) | - | • साक्षातकारकर्ता की संवेदनहीनता, अमानवीय कार्यशैली का चित्रण<br>• मीडिया कर्मी का स्वयं को समर्थ शक्तिवान मानना व सामने वाले को दुर्बल समझने का दंभ भरना<br>• सामाजिक उद्देश्य के कार्यक्रम के नाम पर व्यावसायिक उद्देश्य को प्रधानता देना।<br>• बात का प्रभावहीन हो कर उसकी मारक क्षमता का समाप्त | 3 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | | | | हो जाना।<br>(कोई तीन बिन्दु अपेक्षित) | |
| | - | (ग) | - | समानता -<br> काव्यकृति की रचना कृषि कर्म के बीज बोने से लेकर पौधे के पुष्पित होने के समान<br> दोनों में पहले बीज बोकर, खाद-पानी दिया जाना<br> दोनों में ही अंकुरीत एवं पल्लवित-पुष्पित होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>विविधता -<br> खेती का संबंध शारीरिक श्रम से, कवि कर्म का मानसिक<br> खेती की फसल खत्म हो जाती है, कविता रूपी अक्षय पात्र में अलौकिक रस का होना | 1½+1½=3 |
| | - | - | (क) | प्रयास -<br> कठिन शब्दों के जाल में फंसकर साधारण बात को पेचीदा करना<br> कई प्रकार के भाषा और अलंकार संबंधी प्रयोग करना<br>परिणाम -<br> बात का प्रभावहीन होकर उसकी मारक क्षमता का समाप्त होना<br> अभिव्यक्ति की धार का कम होना | 1½+1½=3 |
| | - | - | (ख) | नहीं, समाज पूर्ण रूप से ऐसा नहीं<br>अंतर -<br> कहीं-कहीं अन्य कारणों से लोगों में संवेदनहीनता का दिखना<br> सच्चे ह्रदय के लोगों का दूसरों के सुख-दुख में शामिल होना<br> परेशानी में साथ खड़े होना<br> अपवाद हर जगह<br>उदाहरण - कोरोना महामारी<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>(छात्रों के अन्य विचार भी स्वीकार्य) | 1+2=3 |
| | - | - | (ग) |  कागज रूपी खेत में भावनाओं रूपी आँधी का बीज बोना<br> कल्पना रूपी रसायनों को पीकर बीच का गलना<br> शब्दों के अंकुर फूटना<br> पल्लवित-पुष्पित होकर फल लगना<br> अलौकिक रस की धाराएँ फूटना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 3 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| 11 | 11 | 8 | 8 | (किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित) | 2x2=4 |
| | (क) | - | - | काले बादलों पर ऊँची उड़ती बगुलों की श्वेत पँक्ति का अनुपम सौंदर्य का आकर्षण<br>कवि का मंत्र-मुग्ध हो आत्मविस्मृत होना | 2 |
| | (ख) | - | - | कविता में अट्टालिकाएँ शोषक वर्ग के निवास स्थान के रूप में चित्रित<br>अट्टालिकाएँ आतंक का पर्याय<br>इनमें शोषण के नए तरीकों की खोज<br>शोषण से अर्जित संपत्ति का संग्रह केंद्र<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (ग) | - | - | कपास की तरह उनके शरीर भी हल्के व लचीले होना<br>बच्चों की भावनाओं का कपास के समान स्वच्छ होना<br>बच्चों में नरमी, लोच और कोमलता जन्मजात होना<br>उनमें कपास जैसी श्वेत, कोमल व पवित्र भावनाओ का होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (क) | - | काले बादलों में उड़ते सफेद बगुलों का अनुपम सौंदर्य व आकर्षण में कवि का बँधना<br>कवि का आत्मविस्मृत स्थिति तक पहुँचना | 2 |
| | - | (ख) | - | क्रांति रूपी बादलों का आगमन जीवनदायी और सुखद होना<br>सुख-समृद्धि का कारक होना<br>निर्धन वर्ग को समानता का अधिकार देना<br>अत्याचार से मुक्ति का प्रतीक होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (ग) | - | पतंग उड़ाते हुए बच्चों के शरीर का पेड़ की डाली की तरह लचीलापन<br>शरीर की लोच के कारण कहीं से भी झुक जाना<br>पतंग उड़ाते इधर-उधर दौड़ते भागते बच्चों का डाली की तरह झूमना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (क) | आकाश में उड़ते बगुलों की पंक्ति को मंत्र मुग्ध होकर देखते रहने की चाह<br>संध्या समय के कजरारे बादलों के मध्य तैरते पक्तिबद्ध बगुलों के सौन्दर्य की माया में कवि का बँध जाना | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | - | - | (ख) | प्रतीक - क्रांति (परिवर्तन) का प्रतीक<br>प्रभावित वर्ग -<br>• शोषित और शोषक दोनों वर्ग प्रभावित | 1+1=2 |
| | - | - | (ग) | • खतरों का सामना करके बच्चों का और भी निडर हो जाना<br>• विपत्ति और कष्ट का सामना साहसपूर्वक करना<br>• बच्चों में नई ऊर्जा, उत्साह व आत्मविश्वास का पनपना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| 12 | 12 | 9 | 9 | दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2X3=6 |
| | (क) | - | - | • मेंढक मंडली कहने के कारण<br>• लड़कों के नग्न स्वरुप, उनकी उछल-कूद, शोर-शराबे से चिढ़ना<br>• लेखक द्वारा विरोध के कारण इसे अंधविश्वास मानना<br>• आर्य समाजी संस्कार और कुमार-सुधार सभा का उपमंत्री होने के कारण जल की बर्बादी समझना<br>• मेहनत से एकत्रित किया पानी इंद्र सेना पर फेंकना बुद्धिमानी न मानना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | (ख) | - | - | चित-पराजय/हार<br>संदर्भ -<br>• संघर्षों से विचलित न होना<br>• दंगल में सभी विपक्षियों को पराजित करना<br>• महामारी से लड़ते हुए गाँव को प्रेरित करना<br>• पारिवारिक संकटों, पुत्रों की मृत्यु के बाद भी हार न मानना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | (ग) | - | - | लहक उठना - कुछ समय के लिए खिलना, फूलना व सौंदर्य बिखेरना<br>• दीर्घ जीवन की अपेक्षा अल्प जीवन के सदुपयोग का महत्व<br>• स्व के लिए जिया हुआ दीर्घ जीवन भी व्यर्थ न होने से कुछ होना बेहतर | 1+2=3 |
| | - | (क) | - | • जनकल्याण हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाओं का बनना<br>• योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अपार धनराशि प्रेषित किया जाना<br>• जन सामान्य की आवश्यकताएँ / स्थिति जस की तस रह जाना | 3 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | - | (ख) | - | आशय -<br>छोटी पूंछ से बिना पूँछ का होना श्रेष्ठ<br>संदर्भ -<br>▯ आरग्वध और पलाश के फूलों की तुलना शिरीष के फूलों से<br>▯ आरग्वध, अमलताश में क्रमशः 10 से 15 दिन ही फूलना<br>▯ शिरीष के फूलों का महीनों खिलना (आषाढ़ से भादों तक)<br>▯ जेठ की तपती गर्मी में भी फूलों से लदे रहना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | - | (ग) | - | हाँ, वर्तमान समय में इन बीमारियों का इलाज संभव<br>(छात्रों के मौलिक एवं तर्कसंगत विचार भी स्वीकार्य) | 3 |
| | - | - | (क) | यह वाक्य जीजी द्वारा इंदरसेना पर पानी डालने के तर्क को सिद्ध करने के संदर्भ में<br>▯ त्यागपूर्वक दान को श्रेष्ठ मानना<br>▯ कुछ पाने के लिए कुछ खोना अनिवार्य<br>▯ जल की बर्बादी नहीं आत्म सुख की प्राप्ति<br>(दूसरे भाग का उत्तर स्वीकार्य) | 2+1=3 |
| | - | - | (ख) | आशय -<br>कबीर दास जी का कथन पलाश के फूलों की तुलना में शिरीष के फूलों की श्रेष्ठता सिद्ध करना<br>उद्देश्य -<br>पलाश व आरग्वध का क्रमशः 10 से 15 दिन ही लहकना व शिरीष का महीनों फूलों से लदा रहना | 1½+1½=3 |
| | - | - | (ग) | ▯ गांव में मलेरिया व हैजा का प्रकोप<br>▯ चारों ओर मौत का सन्नाटा व्याप्त<br>▯ प्रकृति का मनुष्य की सहचरी रूप में चित्रण<br>▯ प्रकृति भी मनुष्य के दुख से दुखी<br>▯ प्रकृति द्वारा सबको आश्रय देना, अपनी संतान को मृत्यु की गोद में जाते देख आंसू बहाना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| 13 | 13 | 10 | 10 | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2X2=4 |
| | (क) | - | - | ▯ श्रम विभाजन<br>आधार -<br>▯ व्यक्ति की योग्यता, रुचि और कार्य कुशलता | 1+1=2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | **2/5/1** | **2/5/2** | **2/5/3** | | |
| | **(ख)** | - | **-** | ▯ आदर्श-समाज, स्वतंत्रता, समता, भाईचारे पर आधारित<br>▯ बहुजन हिताय<br>▯ गतिशीलता का समावेश<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** |
| | **(ग)** | - | **-** | ▯ मन खाली न हो, लक्ष्य से भरा हो<br>▯ आवश्कताओं का पूर्ण ज्ञान होना<br>▯ बाज़ार के आकर्षण से सर्तक रहना<br>▯ पर्चेजिंग पावर का दुरुपयोग व दिखावा न करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** |
| | **-** | **(क)** | **-** | बाजार के रूप का जादू लोहे पर चुंबक की तरह<br>कारण -<br>▯ बाजार की चुंबकीय शक्ति का अपनी ओर खीचना<br>▯ व्यक्ति का अनावश्यक खरीदारी को आतुर होना<br>▯ फैंसी चोजों के आकर्षण का ग्राहक को अपनी ओर खीचना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **1+1=2** |
| | **-** | **(ख)** | **-** | ▯ उद्योग-धंधों की क्रिया व तकनीक में निरंतर विकास<br>▯ अकस्मात परिवर्तन के कारण (जैसे - स्थानांतरण)<br>▯ रुचि आधारित कार्य न मिलना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** |
| | **-** | **(ग)** | **-** | नहीं, प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर व व्यवहार मिलना<br>▯ उत्तम कुल, शिक्षा, पारिवारिक ख्याति, पैतृक संपदा व्यवसायिक प्रतिष्ठा का लाभ सामान्यतः उच्च वर्ग को ही मिलना<br>▯ इमसे संपूर्ण समाज का विकास न हो पाना | **1+1=2** |
| | **-** | **-** | **(क)** | ▯ बाज़ार बोलता नहीं, उसकी चुंबकीय शक्ति का अपनी ओर खिचना<br>▯ सजी-धजी चीजों का आकर्षित करती मन मे चाह जगाना<br>▯ 'लूट लों' का आग्रह<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **1+1=2** |
| | **-** | **-** | **(ख)** | देश पर प्रभाव -<br>▯ देश की प्रगति पर असर<br>▯ आर्थिक विकास की कमी<br>▯ भुखमरी का कारण<br>▯ विवशतावश कार्य करने से गुणवत्ता प्रभावित होना<br>▯ देश की उत्पादकता का प्रभावित होना | **1+1=2** |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | | | | अर्थव्यवस्था का डगमगाना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>कारण -<br>रुचि आधारित कार्य न मिलने पर व्यक्ति की कार्यकुशलता प्रभावित होना<br>टालू काम करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | |
| | - | - | (ग) | दासता का अर्थ केवल कानूनी पराधीनता ना होना<br>दासता वह सामाजिक स्थिति है, जहाँ अपनी इच्छा के विरुद्ध तय कार्य करना, कर्तव्यों का पालन करने के लिए विवश होना<br>कर्म क्षेत्र चुनने की स्वतंत्रता न होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| 14 | 14 | 11 | 11 | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2X2=4 |
| | (क) | - | - | तर्क - उनका सामर्थ्य मानना<br>उनके प्रेरक व सर्जक होना<br>अभिन्न रूप से जुड़े होना<br>(छात्रों के अन्य तर्क संगत विचार भी स्वीकार्य)<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | - | - | प्रभावशाली व्यक्तित्व<br>शिक्षा को महत्व देने वाले<br>समझदार व्यक्ति<br>ग्रामीणों के मददगार<br>(किन्हीं दो बिन्दुओ का उत्तर अपेक्षित) | 2 |
| | (ग) | - | - | घरों का मानव निर्मित टीलों पर बना होना<br>बड़ी बस्ती के घरों के आंगन खुले व बड़े होना<br>दीवारें ऊँची व मोटी, एक ही आकर की पक्की ईंटों का प्रयोग<br>सड़क के दोनों ओर घर, किसी भी घर का दरवाजा मुख्य सड़क पर न खुलना<br>जल निकासी की उचित व्यवस्था<br>गलियों से होकर घर में प्रवेश<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (क) | - | जीवन मूल्यों में विघटन<br>पुरानी पीढ़ी नए बदलाव को स्वीकार नहीं कर पाना | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | | | | • युवा पीढ़ी का आत्मकेंद्रित होना<br>• नयी पीढ़ी का वैचारिक द्वंद्वो के संक्रांति काल से गुजरना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | |
| | - | (ख) | - | • मनुष्य को निरंतर संघर्षरत रहने की प्रेरणा देना<br>• समस्या से ना भागकर आत्मविश्वास के साथ उसका सामना करना | 2 |
| | - | (ग) | - | • इतिहास का आँखों के सामने प्रत्यक्ष होना<br>• मुअनजों-दड़ो के अवशेषों का जीर्ण-शीर्ण स्थिति में होना<br>• सभ्यता व इतिहास का परिचय ही नहीं देकर उसका अनुभव भी करवाना<br>• सबसे पुरानी सभ्यता को दर्शाना<br>• उनके रहन-सहन, सोने के तरीकों की कल्पना कराना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (क) | • महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील होना<br>• कम उम्र मे ही आत्मनिर्भर होना<br>• घर पर आधुनिक सुख-सुविधाएँ जुटाना<br>• माता-पिता की शादी की पच्चीसवीं सालगिरह मनाना<br>• उपहार देना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (ख) | • स्वयं अशिक्षित होने के कारण शिक्षा के महत्व को न समझना<br>• आर्थिक तंगी के कारण अतिरिक्त हाथों से कमाई की लालसा<br>• स्कूल जाना समय की बर्बादी मानना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>(छात्रों के अन्य तार्किक बिंदु भी स्वीकार्य) | 2 |
| | - | - | (ग) | • शांति-प्रिय, अनुशासित सभ्यता<br>• राज पोषित न हो कर समाज पोषित व्यवस्था<br>• ताकत, प्रभुत्व का दिखावा नहीं<br>• समृद्धि पूर्ण सभ्यता<br>(कोई दो बिन्दु अपेक्षित) | 2 |